राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र राजभवन से ऑनलाइन जुड़े
राज्यपाल ने बताया देश और राजस्थान के लिए बड़ी सौगात

जयपुर, 12 मार्च। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के 750 रेलवे स्टेशनों पर आयोजित देश के लिए 85 हजार करोड़ रूपए से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान जयपुर मंडल के धानक्या व रेवाड़ी जंक्शन स्टेशन स्थित माल गोदाम और राजस्थान के जयपुर सहित चार स्टेशन पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल्स का भी वर्चुअल लोकार्पण किया। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र भी इस कार्यक्रम में राजभवन से वर्चुअल जुड़े।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान सहित देशभर के लिए रेलवे की इन परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राजस्थानवासियों के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बड़ी सौगात दी है। इससे आने वाले समय में रेल परिवहन के जरिए देश की अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना की दिशा में भी यह बड़ा कदम है।

——————